**Series 3SPQR**

**SET~4**

प्रश्न-पत्र कोड
**Q.P. Code** **357**

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

[redacted]

सामान्य निर्देश :

*(i)* *कृपया निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्डों में **24** प्रश्न हैं : खण्ड-**क** और खण्ड-**ख** ।*

*(iii)* *खण्ड-**क** में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं तथा खण्ड-**ख** में विषयपरक प्रकार के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* *दिए गए **(6 + 18) = 24** प्रश्नों में से, उम्मीदवार को **3** घंटे के आबंटित (अधिकतम) समय में **(6 + 11) = 17** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*(v)* *किसी विशेष खण्ड के **सभी** प्रश्नों को सही क्रम में करने का प्रयास किया जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड-क : वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न (30 अंक) :***

*(a)* *इस खण्ड में **6** प्रश्न हैं ।*

*(b)* *कोई नकारात्मक अंकन नहीं है ।*

*(c)* *दिए गए निर्देशों के अनुसार कीजिए ।*

*(d)* *प्रत्येक प्रश्न/भाग के सामने आबंटित अंकों का उल्लेख किया गया है ।*

*(vii)* ***खण्ड-ख : विषयपरक प्रकार के प्रश्न (30 अंक) :***

*(a)* *इस खण्ड में **18** प्रश्न हैं ।*

*(b)* *उम्मीदवार को **11** प्रश्न करने हैं ।*

*(c)* *दिए गए निर्देशों के अनुसार कीजिए ।*

*(d)* *प्रत्येक प्रश्न/भाग के सामने आबंटित अंकों का उल्लेख किया गया है ।*

## खण्ड – क

## (वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न)

1. रोज़गार कौशल पर आधारित दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **4** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4 × 1 = 4**

(i) _______ इलेक्ट्रॉनिक स्प्रेडशीट के घटकों को स्वच्छ तथा पढ़ने में आसान बनाने में सहायक होता है । **1**

(A) सरेखण (अलाइनमेंट) (B) छँटाई (सॉर्टिंग)

(C) छनन (फिल्टरिंग) (D) संरूपण (फॉर्मेटिंग)

**General Instructions :**

*(i)* *Please read the instructions carefully.*

*(ii)* *This Question Paper consists of **24** questions in **two** sections : Section–**A** and Section–**B**.*

*(iii)* *Section–**A** has Objective type questions whereas Section–**B** contains Subjective type questions.*

*(iv)* *Out of the given **(6 + 18) = 24** questions, a candidate has to answer **(6 + 11) = 17** questions in the allotted (maximum) time of **3** hours.*

*(v)* ***All** questions of a particular section must be attempted in the correct order.*

*(vi)* ***Section–A : Objective Type Questions (30 Marks) :***

*(a)* *This Section has **6** questions.*

*(b)* *There is no negative marking.*

*(c)* *Do as per the instructions given.*

*(d)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

*(vii)* ***Section–B : Subjective Type Questions (30 Marks) :***

*(a)* *This Section has **18** questions.*

*(b)* *A candidate has to do **11** questions.*

*(c)* *Do as per the instructions given.*

*(d)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

## Section – A

## (Objective Type Questions)

1. Answer any **4** out of the given **6** questions on Employability Skills : **4 × 1 = 4**

(i) _________ helps in making the content in electronic spreadsheet look neat and easy to read. **1**

(A) Alignment (B) Sorting

(C) Filtering (D) Formatting

(ii) जीवाश्म ईंधन को जलाने से निम्न में से कौन सी गैस का उत्सर्जन नहीं होता है ? 1

(A) कार्बन डाईऑक्साइड (B) नाइट्रोजन ऑक्साइड

(C) हाइड्रोजन (D) ओज़ोन

(iii) निम्न में से कौन सा व्यक्तित्व के 'पाँच बड़े कारकों' का एक मापदण्ड नहीं है ? 1

(A) चेतना (B) खुलापन

(C) मनोविक्षिप्तता (D) अंतर्मुखता

(iv) ध्यान से सुनने को सुनिश्चित करने के लिए परिवर्णी शब्द 'RESPECT' में 'R' का क्या अर्थ है ? 1

(A) प्रत्येक को सम्मान (B) ध्यान भटकने वाली चीजें हटाना

(C) सूचना प्राप्त करना (D) शीघ्रता से प्रतिक्रिया देना

(v) बहुत सी असफलताओं का सामना करने के पश्चात भी अजय एक जनसेवक बनने के अपने सपने को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है । वह असफलता को सीखने के एक अवसर के रूप में देखता है । अजय के व्यवहार में स्व प्रबंध का कौन सा गुण सर्वोत्तम रूप से प्रतिबिंबित होता है ? 1

(A) टालमटोल करना (B) सकारात्मक रवैया

(C) अति आत्मविश्वास (D) अभिव्यक्ति

(vi) निम्न में से एक उद्यमी द्वारा नवप्रवर्तन का कौन सा एक उदाहरण है ? 1

(A) पुराने उत्पाद बेचना ।

(B) अन्य ब्राण्ड की कॉपी करना ।

(C) ऑनलाइन सीखने के लिए एक नई ऐप बनाना ।

(D) ग्राहकों की प्रतिक्रिया को अनदेखा करना ।

(ii) Which gas is not emitted due to burning of fossil fuel ? **1**

(A) Carbon dioxide (B) Nitrogen oxide

(C) Hydrogen (D) Ozone

(iii) Which of the following is not a parameter of 'Big five factor' of personality ? **1**

(A) Consciousness (B) Openness

(C) Neuroticism (D) Introversion

(iv) What does 'R' stand for in the acronym 'RESPECT' to ensure active listening ? **1**

(A) Regards everyone (B) Remove distractions

(C) Receive information (D) Respond quickly

(v) Despite facing multiple failures, Ajay continues to work hard towards his dream of becoming a civil servant. He sees failure as a learning opportunity. Which quality of self management is best reflected in Ajay's behaviour ? **1**

(A) Procrastination (B) Positive attitude

(C) Overconfidence (D) Manifestation

(vi) Which of the following is an example of innovation by an entrepreneur ? 1

(A) Selling old products

(B) Copying another brand

(C) Creating new app for online learning

(D) Ignoring customer feedback

2. दिए गए **7** प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5 × 1 = 5**

(i) एक समूह के रूप में 'प्रबंध' की अवधारणा का संदर्भ ______ से है। **1**

(A) केवल मुख्य कार्यकारी अधिकारी

(B) संगठन के कर्मचारी

(C) प्रशासनिक कर्मचारी

(D) संगठन के कार्यों का प्रबंध करने वाले सभी व्यक्ति

(ii) कौन सी विशेषता प्रबंधन को एक कला के रूप में शुद्ध विज्ञान से अलग करती है ? **1**

(A) इसके सिद्धान्तों का सार्वभौमिक उपयोग

(B) परिणाम का पूर्व अनुमान

(C) सृजनात्मकता तथा व्यक्तिगत कौशल पर भरोसा

(D) व्यवस्थित परीक्षण

(iii) निम्न में से कौन सा योजना का एक प्रकार नहीं है ? **1**

(A) रणनीति (B) मिशन (विशिष्ट कार्य)

(C) कार्यविधि (D) नीति

(iv) मानसिक अवस्था से संबंधित संप्रेषण की निम्न में से कौन सी एक बाधा है ? **1**

(A) भाषा बाधा (B) भौतिक बाधा

(C) भावनात्मक बाधा (D) पद्धतिगत बाधा

(v) हर्ज़बर्ग के दो कारक सिद्धान्त के अनुसार स्वच्छता कारक कौन से हैं ? **1**

(A) वह कारक जो कर्मचारी को आन्तरिक रूप से प्रेरित करते हैं।

(B) मूलभूत कारक जिनकी अनुपस्थिति असंतुष्टि का कारण होती है।

(C) विकास तथा आगे बढ़ने के अवसर।

(D) उच्च उपलब्धि के लिए पुरस्कार।

2. Answer any **5** out of the given **7** questions : **5 × 1 = 5**

(i) According to the concept of management as a group, the term 'management' refers to – **1**

(A) Only the CEO

(B) Employees of the organisation

(C) Administrative staff

(D) All individuals managing organisational tasks

(ii) Which feature distinguishes management as an art rather than a pure science ? **1**

(A) Universal applicability of its principles

(B) Predictability of outcomes

(C) Reliance on creativity and personal skill

(D) Systematic experimentation

(iii) Which of the following is NOT a type of plan ? **1**

(A) Strategy (B) Mission

(C) Procedure (D) Policy

(iv) Which of the following is a hurdle of communication related to mental state ? **1**

(A) Language Hurdle (B) Physical Hurdle

(C) Emotional Hurdle (D) Systematic Hurdle

(v) What are hygiene factors according to Herzberg's two factor theory ? **1**

(A) Factors that motivate employees intrinsically.

(B) Basic factors whose absence causes dissatisfaction.

(C) Opportunities for growth and advancement.

(D) Rewards for high achievement.

(vi) एक नेता के लिए दृष्टि और दूरदर्शिता क्यों महत्त्वपूर्ण होते हैं ? **1**

(A) समस्याओं पर सहजता से प्रतिक्रिया देना ।

(B) भविष्य की घटनाओं का अनुमान लगाना तथा इसके अनुसार संगठन को मार्गदर्शन देना ।

(C) तात्कालिक कार्यों पर केन्द्रित करना ।

(D) उत्तरदायित्व लेने से बचना ।

(vii) एक व्यवसाय का प्राथमिक आर्थिक उत्तरदायित्व है : **1**

(A) उपभोक्ता आवश्यकताओं की पूर्ति करके लाभ अर्जित करना ।

(B) चैरिटी के लिए दान देना ।

(C) प्रदूषण नियंत्रित करना ।

(D) ईमानदारी से करों का भुगतान करना ।

3. दिए गए **7** प्रश्नों में से किन्हीं **6** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **6 × 1 = 6**

(i) सूचना प्रौद्योगिकी किस प्रकार व्यावसायिक संप्रेषण में सुधार करती है ? **1**

(A) कर्मचारियों की संख्या कम करके

(B) ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं तथा कर्मचारियों के मध्य संप्रेषण को सरल बनाकर

(C) बैठकों की आवश्यकताओं को खत्म करके

(D) कागज कार्य बढ़ाकर

(ii) जब शीघ्र निर्णयों की आवश्यकता होती है तथा कर्मचारी अनुभवहीन होते हैं उस समय नेतृत्व की कौन सी श्रेणी सबसे उपयुक्त होती है ? **1**

(A) लोकतान्त्रिक

(B) एकतंत्र (निरंकुश)

(C) मुक्त-लगाम नेतृत्व (अहस्तक्षेप नेतृत्व)

(D) रूपांतरण नेतृत्व

(iii) किसी भी संगठन में नव प्रवर्तन को प्रोत्साहित करना मुख्य रूप से किसमें योगदान देता है ? **1**

(A) वित्तीय जोखिमों को कम करने में (B) प्रशासनिक नियंत्रण बढ़ाने में

(C) कर्मचारी प्रेरणा को अनदेखा करने में (D) प्रतियोगितात्मक लाभ को बढ़ाने में

(vi) Why is vision and foresight important for a leader ? **1**

(A) To react normally to problems

(B) To visualize future events and guide the organisation accordingly

(C) To focus on present tasks

(D) To avoid taking responsibility

(vii) The primary economic responsibility of a business is _______. **1**

(A) To earn profits by meeting consumer needs

(B) To donate for charity

(C) To control pollution

(D) To pay taxes honestly

3. Answer any **6** out of the given **7** questions : **6 × 1 = 6**

(i) How does Information Technology improve business communication ? **1**

(A) By reducing the number of employees

(B) By making communication easier among customers, suppliers and employees

(C) By eliminating the need for meetings

(D) By increasing paper work

(ii) Which leadership style is most suitable when quick decisions are needed and subordinates are inexperienced ? **1**

(A) Democratic (B) Autocratic

(C) Free-Rein (D) Transformational

(iii) Encouraging innovation in an organisation primarily contributes to : **1**

(A) Reducing financial risks

(B) Increasing bureaucratic control

(C) Avoiding employee motivation

(D) Enhancing competitive advantage

(iv) निम्न में से कौन सा नियन्त्रण का एक महत्त्व नहीं है ? **1**

(A) संगठनात्मक उद्देश्यों की पूर्ति

(B) कार्य में समन्वय को बढ़ाना

(C) व्यवस्था तथा अनुशासन सुनिश्चित करना

(D) कार्यकारी संबंधों की स्पष्टता

(v) अत्यधिक योग्य होने के कारण, एक नए कर्मचारी को वर्षों तक पदोन्नत नहीं किया जाता है, जबकि कम योग्य वरिष्ठ कर्मचारी उच्च पदों पर आसीन रहते हैं । यहाँ पर प्रबंध के कौन से सिद्धांत की अवहेलना की जा रही है ? **1**

(vi) निम्न में से अनौपचारिक संप्रेषण का कौन सा एक लाभ है ? **1**

(A) यह लोगों को अपनी समस्याओं को स्वतन्त्रतापूर्वक साझा करने को बढ़ावा देता है ।

(B) यह संप्रेषण को हमेशा पेशेवर बनाए रखता है ।

(C) यह आधिकारिक प्रलेखन बनाए रखता है ।

(D) यह कार्यविधि स्थापन में सहायक होता है ।

(vii) कार्य संवर्धन को ______ के रूप में सर्वश्रेष्ठ रूप से वर्णित किया जा सकता है । **1**

(A) कार्य में उत्तरदायित्व तथा चुनौती जोड़कर

(B) वित्तीय प्रेरक प्रस्तावित करके

(C) समान स्तर पर गतिविधियों की संख्या बढ़ाकर

(D) कर्मचारियों का कार्यभार कम करके

4. दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **$5 \times 1 = 5$**

(i) निम्न में से कौन सा एक टेलर का वैज्ञानिक प्रबन्ध सिद्धान्तों में से एक नहीं है ? **1**

(A) विज्ञान न कि अँगूठा टेक नियम

(B) कार्यकाल की स्थिरता

(C) सद्भाव न कि मनमुटाव

(D) प्रतिबंधित उत्पादन के बजाय अधिकतम उत्पादन

(iv) Which one of the following is not an importance of controlling ? **1**

(A) Accomplishing organisational goals

(B) Facilitating coordination in action

(C) Ensuring order and discipline

(D) Clarity on working relationships

(v) Despite being highly capable, a new employee is not promoted for years, while less competent senior employee retain top positions. Which principle of management is being ignored here ? **1**

(vi) Which of the following is an advantage of informal communication ? **1**

(A) It encourages people to share their problems freely.

(B) It always keeps communication professional.

(C) It maintains official documentation.

(D) It helps in establishing procedures.

(vii) Job enrichment is best described as _________. **1**

(A) Adding responsibility and challenge to a job.

(B) Offering financial incentives.

(C) Increase the number of tasks at same level.

(D) Reducing the workload of employees.

4. Answer any **5** out of the given **6** questions : **5 × 1 = 5**

(i) Which of the following is not one of Taylor's principles of Scientific management ? **1**

(A) Science, not rule of thumb

(B) Stability of Tenure

(C) Harmony, not discord

(D) Maximum output instead of restricted output

(ii) निम्न में से कौन सी विशेषता प्रबंध को एक अमूर्त शक्ति के रूप में प्रदर्शित करती है ? **1**

(A) लक्षित उपलब्धियाँ तथा संतुष्टि (B) प्रबंधकों की वास्तविक रूप में उपस्थिति

(C) दृश्यमान कार्यालय आधारभूत संरचना (D) कर्मचारियों के दस्तावेजों में दर्ज नाम

(iii) एक कम्पनी ने नव नियुक्त सॉफ्टवेयर विकसित करने वाले के लिए कोडिंग मानक तथा आंतरिक विधियों का एक प्रोग्राम शुरू किया । उपरोक्त में नियुक्तिकरण के किस चरण को संदर्भित किया गया है ? **1**

(iv) व्यवसाय में लेखांकन तथा वित्तीय प्रबंधन हेतु कौन से सॉफ्टवेयर का सामान्यतया उपयोग किया जाता है ? **1**

(A) फोटोशॉप (B) टैली

(C) ऑटोकैड (D) केनवा

(v) निम्नलिखित में से कौन सा मानव संसाधनों के संबंध में कम्पनी के सामाजिक उत्तरदायित्व का एक लाभ है ? **1**

(A) लघुकालीन लाभ बढ़ाना ।

(B) कर न देना ।

(C) लागत कम करने के लिए उत्पाद की गुणवत्ता कम करना ।

(D) कर्मचारियों की भर्ती तथा उन्हें प्रतिधारण करने में सहायता करना ।

(vi) निम्न में से एक संगठन में नेतृत्व का क्या मुख्य उद्देश्य है ? **1**

(A) कठोर अनुशासन रखना

(B) लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु लोगों को प्रभावित करना तथा मार्गदर्शन देना

(C) उत्तरदायित्व को टालना

(D) अधीनस्थों को कार्य अंतरण

(ii) Which of the following characteristics highlights management as an intangible force ? **1**

(A) Targeted achievements and satisfaction

(B) Physical presence of managers

(C) Visible office infrastructure

(D) Employees names in records

(iii) A company introduces a programme for newly hired software developer to learn coding standards and internal tools. Which step of staffing is referred above ? **1**

(iv) Which software is commonly used in business for accounting and financial management ? **1**

(A) Photoshop (B) Tally

(C) AutoCAD (D) Canva

(v) Which of the following is a benefit of company's social responsibility related to human resources ? **1**

(A) Increasing short term profits

(B) Avoiding taxes

(C) Reducing product quality to save costs

(D) Aiding in recruitment and retention of employees

(vi) What is the main purpose of leadership in an organisation ? **1**

(A) To maintain strict discipline

(B) To influence and guide people towards achieving goals

(C) To avoid responsibility

(D) To delegate work to subordinates

5. दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5 × 1 = 5**

(i) 'अभिप्रेरणा' शब्द का उद्‌गम क्या है ? **1**

(A) ग्रीक शब्द 'मोवेरे' जिसका अर्थ है 'कार्यवाही'

(B) फ्रैंच शब्द 'मोटिव' जिसका अर्थ है 'कारण'

(C) लेटिन शब्द 'मोवेरे' जिसका अर्थ है 'कार्यवाही'

(D) जर्मन शब्द 'मोटिव' जिसका अर्थ है 'कारण'

(ii) निम्न में से कौन सा हितधारक व्यवसाय की उत्तरजीविता के लिए मूल के रूप में सूचीबद्ध नहीं है ? **1**

(A) ग्राहक (B) कर्मचारी

(C) स्थानीय निवासी (D) प्रतियोगी

(iii) कम्पनी की नीति यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक कर्मचारी को उनकी भूमिका तथा बाज़ार मानकों के अनुसार उचित वेतन मिलना चाहिए । इस सिद्धांत का पालन करने का संभवतः दीर्घकालीन प्रभाव क्या है ? **1**

(A) बढ़ा हुआ आवर्त (B) घटा मनोबल

(C) कर्मचारी की बढ़ी हुई निष्ठा (D) शक्ति (अधिकार) का केन्द्रीकरण

(iv) एक टीम उच्च कौशल वाली है, परन्तु इसमें कार्य की एकता की कमी है । प्रबंधक सामान्यत: यह सुनिश्चित करने के लिए बैठक आयोजित करता है कि सभी विभाग एक सामान्य उद्देश्य की ओर कार्य कर रहे हैं । यह निर्देशन के किस महत्त्व को प्रतिबिम्बित करता है ? **1**

(v) निम्न कथनों में से मध्य स्तरीय प्रबंध का कौन सा एक कार्य नहीं है ? **1**

(A) व्यावसायिक पर्यावरण का विश्लेषण तथा फर्म की उत्तरजीविता पर इसके प्रभाव का विश्लेषण करना ।

(B) उच्च प्रबंधन द्वारा तैयार की गयी नीतियों की व्याख्या करना ।

(C) यह सुनिश्चित करना की उनके विभागों में आवश्यक कर्मी हैं ।

(D) अपेक्षित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए अपने विभाग के लोगों को अभिप्रेरित करना ।

5. Answer any **5** out of the given **6** questions : **5 × 1 = 5**

(i) What is the origin of the term 'motivation' ? **1**

(A) Greek word 'movere' meaning 'to move'

(B) French word 'motive' meaning 'reason'

(C) Latin word 'movere' meaning 'to move'

(D) German word 'motiv' meaning 'reason'

(ii) Which stakeholder is NOT listed as fundamental to the survival of a business ? **1**

(A) Customers (B) Employees

(C) Local residents (D) Competitors

(iii) The company's policy ensures every employee gets fair wages based on their role and market standards. What is the likely long term effect of following this principle ? **1**

(A) Increased turnover

(B) Reduced morale

(C) Increased employee loyalty

(D) Centralization of power

(iv) A team is highly skilled but lacks unity in action. The manager usually holds meetings to ensure all departments are working towards a common objective. What importance of directing does this reflect ? **1**

(v) From the following statements, which one is NOT a function of middle level management ? **1**

(A) Analysing the business environment and its implications for the survival of the firm.

(B) Interpreting the policies framed by top management.

(C) Ensuring that their department has necessary personnel.

(D) Motivating people in their department to achieve desired objectives.

(vi) एक बैठक में उत्पादन प्रबंधक राकेश एक प्रस्तुति दे रहा था, जबकि उसका मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुणाल उसे अपने इशारों, शारीरिक भाव तथा चेहरे के हाव-भाव से स्वीकृति दे रहा था । कुणाल प्राथमिक रूप से कौन से प्रकार के संप्रेषण का उपयोग कर रहा है ? **1**

6. दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5 × 1 = 5**

(i) एक कारखाना उत्पादन को ध्यान में नहीं रखते हुए सभी कामगारों को समान मजदूरी का भुगतान कर रहा है । इससे उत्पादकता में कमी हो रही है । वैज्ञानिक प्रबंधन की उस तकनीक की पहचान कीजिए जिसकी अवहेलना की जा रही है । **1**

(ii) अवधारणाओं का विकास प्रबंधन के एक कार्य का दूसरा चरण है । प्रबंधन के कार्य की पहचान कीजिए । **1**

(iii) व्यवसाय में इंट्रानेट की क्या भूमिका है ? **1**

(A) उत्पादों का ऑनलाइन विक्रय करना ।

(B) फर्म के अन्दर इलेक्ट्रॉनिक सूचना के विनिमय को सक्षम करना ।

(C) सोशल मीडिया पर विज्ञापन देना ।

(D) संगठन के बाहर सूचना के विनिमय को सक्षम करना ।

(iv) निम्न में से कौन सा नव पारम्परिक दृष्टिकोण के साथ अत्यधिक संबंधित है ? **1**

(A) हेनरी फेयोल के सिद्धांत (B) टेलर का वैज्ञानिक प्रबंधन

(C) ऐल्टन मेयो का हौथोर्न अध्ययन (D) मैक्स वेबर की नौकरशाही

(v) किसने रूपांतरण नेतृत्व की अवधारणा दी ? **1**

(vi) एक कम्पनी व्यक्तिगत उद्देश्यों को संगठनात्मक उद्देश्यों के साथ संरेखित करके तालमेल सुनिश्चित करती है । यह किसका उदाहरण है ? **1**

(A) नियोजन (B) लक्ष्य निर्धारण

(C) निर्देशन (D) समन्वयन

(vi) During a meeting, Rakesh, the production manager, was giving a presentation. While his CEO Kunal was just acknowledging him through his gestures, body language and facial expressions. Which type of communication is Kunal primarily using ? **1**

6. Answer any **5** out of given **6** questions. **5 × 1 = 5**

(i) A factory is paying all workers the same wage regardless of output. This leads to decline in productivity. Identify the technique of Scientific management which is being ignored. **1**

(ii) Developing premises is the second step in the process of one of the management functions. Identify the management function. **1**

(iii) What is the role of intranet in a business ? **1**

(A) To sell products online.

(B) To enable electronic exchange of information within the firm.

(C) To advertise on social media.

(D) To enable exchange of information outside the organisation.

(iv) Which of the following is most associated with the Neo-Classical approach ? **1**

(A) Henri Fayol's principles

(B) Taylor's scientific management

(C) Elton Mayo's Hawthorne studies

(D) Max Weber's bureaucracy

(v) Who gave the concept of Transformational leadership ? **1**

(vi) A company achieves synergy by aligning the goals of individual employees with organisational goals. This is an example of : **1**

(A) Planning (B) Goal setting

(C) Direction (D) Coordination

## खण्ड – ख

### (विषयपरक प्रकार के प्रश्न)

रोज़गार कौशल पर दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर **20–30** शब्दों में दीजिए। **3 × 2 = 6**

7. एक उद्यमी पर्यावरणीय बाधाओं को कैसे दूर कर सकता है ? **2**

8. 'मनोस्थिति' कैसे ध्यान से सुनने में एक बाधा हो सकती है ? **2**

9. सरकार द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित करने का उद्देश्य क्या है ? **2**

10. वह उद्देश्य बताइए जिसके लिए स्प्रेडशीट में स्टोर किए गए डेटा का उपयोग किया जा सकता है। **2**

11. 'आश्रित व्यक्तित्व विकार' समझाइए। **2**

दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर **20–30** शब्दों में दीजिए।

**3 × 2 = 6**

12. वैज्ञानिक प्रबंधन के एक सिद्धांत के रूप में 'प्रत्येक व्यक्ति का विकास उसकी अधिकतम कुशलता तक' की अवधारणा समझाइए। **2**

13. "समन्वय का कार्य लगातार जटिल तथा कठिन होता जा रहा है।" आधुनिक युग में समन्वय के महत्त्व पर प्रकाश डालने वाले कोई दो कारक समझाइए। **2**

14. "अभिप्रेरणा एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है।" समझाइए। **2**

15. 'बौद्धिक' तथा 'संस्थागत' नेता के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए। **2**

## Section – B
## (Subjective Type Questions)

Answer any **3** out of the given **5** questions on Employability skills. Answer each question in **20-30** words. **3 × 2 = 6**

7. How can an entrepreneur overcome environmental barriers ? **2**

8. How can 'mindset' become a barrier to active listening ? **2**

9. What is the purpose of setting up Krishi Vigyan Kendras by government ? **2**

10. Enlist the purpose for which data stored in a spreadsheet can be used. **2**

11. Explain 'Dependent Personality Disorder'. **2**

Answer any **3** out of the given **5** questions. Answer each questions in **20-30** words. **3 × 2 = 6**

12. Explain the concept of 'Development of each person to his greatest efficiency' as a principle of Scientific management. **2**

13. "The task of coordination is becoming increasingly complex and difficult." Explain any two factors to highlight the importance of coordination in modern era. **2**

14. "Motivation is a psychological process". Explain. **2**

15. Distinguish between 'Intellectual' and 'Institutional' leader. **2**

16. समझाइए कि किस प्रकार भावनात्मक बुद्धि एक नेता को टीम के प्रभावशाली प्रबंधन में सहायक होती है ? **2**

दिए गए **3** प्रश्नों में से किन्हीं **2** प्रश्नों के उत्तर **30-50** शब्दों में दीजिए । **2 × 3 = 6**

17. अभिप्रेरणा के 'ई आर जी' सिद्धांत को समझाइए । **3**

18. "प्रभावी संप्रेषण के लिए आवश्यक है कि यह स्पष्ट, संक्षिप्त और ठोस होना चाहिए ।" क्या आप सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए । **3**

19. "एक फर्म की सफलता का श्रेय इस तथ्य को जाता है कि कर्मचारियों के साथ आदरपूर्वक व्यवहार किया जाता है, उन्हें उचित वेतन दिया जाता है तथा उनके सुझाव माने जाते हैं ।" उपरोक्त कथन में प्रतिबिंबित प्रबंधन के तीन सिद्धान्तों की पहचान कीजिए तथा उनका मूल्यांकन कीजिए । **3**

दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर **50-80** शब्दों में दीजिए । **4 × 3 = 12**

20. टेक नोवा रोबोटिक्स एक नई स्वचालित परियोजना का आरंभ करने जा रही है । इसको प्रभावी रूप से निष्पादित करने के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने संपूर्ण परियोजना को चार कार्यात्मक इकाइयों– डिजाइन, विकास, गुणवत्ता नियंत्रण तथा विपणन में बाँटा है । प्रत्येक कार्य को एक परिभाषित नेता के साथ एक टीम को सौंपा गया है । भूमिका, उत्तरदायित्व तथा अधिकार को स्पष्टता से तैयार किया गया है । यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रगति, परियोजना के लक्ष्यों के साथ मेल खाती है क्रॉस–कार्यात्मक समन्वय बैठकों का साप्ताहिक आयोजन किया जाता है । **1 + 3 = 4**

(i) उपरोक्त स्थिति में निष्पादित प्रबंधन के कार्य की पहचान कीजिए ।

(ii) इस कार्य में सम्मिलित प्रथम तीन चरणों को समझाइए ।

21. डॉ. मीना एक जैव प्रौद्योगिकी फर्म की शोध टीम की प्रमुख हैं । वह वैज्ञानिकों को स्वयं की प्रयोगात्मक विधियों की खोज, स्वतन्त्र अध्ययन के डिजाइन तथा खोज को स्वतन्त्र रूप से साझा करने की अनुमति देती हैं । डॉ. मीना टीम की विशेषता और उत्साह पर विश्वास करते हुए केवल आवश्यकता पड़ने पर ही शामिल होती है । डॉ. मीना द्वारा व्यवहार में लाई गयी नेतृत्व शैली पहचानिए एवं समझाइए । पहचानी गयी शैली का एक लाभ तथा एक सीमा समझाइए । **2 + 1 + 1 = 4**

16. Explain how emotional intelligence helps a leader in managing a team effectively. **2**

Answer any **2** out of the given **3** questions. Answer each question in **30-50** words. **2 × 3 = 6**

17. Explain the 'ERG' theory of motivation. **3**

18. "For effective communication, it is important to be clear, concise and concrete." Do you agree ? Give reasons in support of your answer. **3**

19. "A firm's success is attributed to the fact that employees are treated respectfully, paid fairly, and their suggestions are considered." Identify and explain the three principles of management being reflected in the above statement. **3**

Answer any **3** out of the given **5** questions. Answer each question in **50-80** words. **4 × 3 = 12**

20. Tech Nova Robotics is launching a new automation project. To execute it efficiently the CEO divides the entire project into four functional units – design, development, quality control, and marketing. Each function is assigned to a team with a defined leader. Roles, responsibilities and authority are clearly laid out. Cross-functional coordination meetings are held weekly to ensure progress aligns with the project goals.
    (i) Identify the function of management being performed in the above case.
    (ii) Explain the first three steps of the process involved in this function.
    **1 + 3 = 4**

21. Dr. Meena heads a research team in a biotechnology firm. She allows scientists to explore their own experimental methods, design independent studies and share findings freely. Dr. Meena only steps in when needed, trusting the team's expertise and passion. Identify and explain the leadership style practised by Dr. Meena. Explain one advantage and one limitation of the style identified. **2 + 1 + 1 = 4**

22. एक सफल कीटनाशक कम्पनी ग्रीन ड्रॉप केमिकल्स लिमिटेड अशोधित रसायन अपशिष्ट को पास की एक नदी में बहाते हुए पायी गयी । हालाँकि कम्पनी सभी कानूनी दस्तावेज रखती है । स्थानीय किसानों ने गंभीर जल प्रदूषण तथा कम होती फसल की पैदावार की रिपोर्ट की । बढ़ते हुए प्रदर्शनों को देखते हुए, कम्पनी ने दावा किया कि क्योंकि वह किसी भी कानून को नहीं तोड़ रही थी, अत: उसके प्रचालन न्यायोचित थे ।

उस सामाजिक उत्तरदायित्व की पहचान कीजिए तथा समझाइए जिसको पूरा करने में ग्रीन ड्रॉप केमिकल्स असफल रही । यह एक व्यवसाय के लिए महत्त्वपूर्ण क्यों है ? **2 + 2 = 4**

23. एक हाथ से बनी सजावटी ब्राण्ड 'क्राफ्टिक' अपने लक्षित श्रोताओं तक पहुँचने के लिए संघर्ष कर रही थी । उन्होंने विपणन के लिए सॉफ्टवेयर से जुड़े साधनों को लगाया । सॉफ्टवेयर ने ग्राहकों के व्यवहार, खरीदने का इतिहास तथा प्रतिक्रिया की निगरानी की । इस डेटा का उपयोग करके क्राफ्टिक ने व्यक्तिगत ईमेल तथा सोशल मीडिया अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप आदेश (ऑर्डर) 30% बढ़ गये । 'क्राफ्टिक' द्वारा उपयोग किए गए विपणन साधन (विधि) का नाम दीजिए, इसने उनके व्यवसाय में सुधार में कैसे सहायता की ? **2 + 2 = 4**

24. एक खाद्य पैकेजिंग कम्पनी आर्यन एग्रो प्रा. लिमिटेड सामग्री के उपयोग की बढ़ती लागत तथा अपशिष्ट का सामना कर रही थी । महाप्रबंधक ने उत्पादन लाइन का विश्लेषण किया तथा नयी गुणवत्ता जाँच प्रणाली को लागू किया । उसने समय बचत तकनीकों का उपयोग किया, कामगारों को कुशल पैकेजिंग के लिए प्रशिक्षित किया तथा सुनिश्चित किया कि कच्ची सामग्री के लिए आदेश सही मात्रा में दिए जायें । कुछ ही सप्ताह में व्यय कम हो गये तथा ग्राहक संतुष्टि बढ़ गयी । प्रबंधक द्वारा अपनाये गये दृष्टिकोण की विशेषता तथा महत्त्व समझाइए । **2 + 2 = 4**

22. Green Drop Chemicals Ltd., a successful pesticide company, was found releasing untreated chemical waste into a nearby river. Though the company maintained legal documentation, local farmers reported severe water pollution and declining crop yields. Despite growing protests, the company claimed that since it wasn't breaking any laws, its operations were justified.

Identify and explain the type of Social responsibility that Green Drop Chemicals failed to fulfill. Why is this important for a business ? **2 + 2 = 4**

23. 'Craftique', a handmade decor brand, was struggling to reach its target audience. They introduced software integrated tools for marketing. The software tracked customer behaviour, purchase history and feedback. Using this data, Craftique ran personalized emails and social media campaigns resulting in 30% increase in orders. Name the marketing tools Craftique used and how it helped improve their business. **2 + 2 = 4**

24. Aryan Agro Pvt. Ltd., a food packaging company, had been facing rising costs and wastage in material usage. The general manager analyzed the production line and implemented a new quality check system. He introduced time-saving techniques, trained workers, on efficient packaging and ensured raw material were ordered in exact quantities. Within weeks, expenses dropped and customer satisfaction improved. Explain the feature and importance of management reflected in the approach taken by the manager. **2 + 2 = 4**

M2026